A MAHARATNA COMPANY
5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 मार्च, 2026

अंक : 524

## कोल इंडिया अंतर-कंपनी प्रतियोगिताओं में वेकोलि के टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



### वेकोलि के महिला टीम ने जीती बैडमिंटन चैंपियनशिप

कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित अंतर-कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की महिला टीम ने प्रथम महिला इंटर-कंपनी बैडमिंटन चैंपियनशिप जीतकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बीसीसीएल, धनबाद में 25 मार्च से 28 मार्च 2026 तक यह प्रतियोगिता आयोजित हुई।

यह जीत कोल इंडिया के बैडमिंटन खेलों में एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जिसमें वेकोलि की महिला खिलाड़ियों ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट में वेकोलि के टीम ने अनुशासन, समर्पण और उच्च स्तरीय खेल कौशल का परिचय दिया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि WCL के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के मार्गदर्शन में खेल प्रतिभाओं को प्रदान की जा रही विशेष सुविधाओं, निरंतर प्रोत्साहन एवं सहयोग का परिणाम है।

टीम वेकोलि की इस सफलता ने न केवल कंपनी का मान बढ़ाया है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और खेल भावना को भी नई दिशा प्रदान की है।

### शतरंज प्रतियोगिता में वेकोलि टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (WCL) की शतरंज टीम ने कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025–26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता SECL की मेजबानी में बिलासपुर स्थित बसंत क्लब में आयोजित की गई थी।

तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और उच्च स्तर की रणनीति, खेल कौशल तथा टीम भावना का प्रदर्शन किया। विजेता टीम के रूप में WCL को प्रथम स्थान, SECL को द्वितीय स्थान और MCL को तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया।

WCL की टीम को यह उत्कृष्ट प्रदर्शन डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (मानव संसाधन) के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग से प्राप्त हुआ, जिन्होंने टीम के उत्साह और रणनीतिक तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि से WCL की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता और टीम भावना की दिशा में प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।




## चंद्रपुर एवं बल्लारपुर क्षेत्रों की वार्षिक समीक्षा बैठक



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परांजपे ने चंद्रपुर एवं बल्लारपुर क्षेत्रों की वार्षिक योजना समीक्षा बैठक की।

बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए खदान-वार गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें एचईएमएम/परिवहन/क्रशिंग आदि से संबंधित संविदात्मक आवश्यकताओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही, विभिन्न कार्यों में आने वाली बाधाओं, उनके समाधान हेतु रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक, स्टाफ अधिकारी (खनन), खान प्रबंधक तथा उनकी टीमों के साथ मुख्यालय के अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने समन्वित योजना निर्माण, जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। यह समीक्षा बैठक वेकोलि की योजनाबद्ध कार्यप्रणाली एवं निर्धारित उत्पादन एवं परिचालन लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## उप निदेशक (ऑडिट - कोल) ने किया वेकोलि का दौरा

श्री राकेश कुमार सिन्हा, उप निदेशक (ऑडिट - कोल), कोलकाता ने दिनांक 25 मार्च 2025 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय का दौरा कर वेकोलि के वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत पांडे तथा निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) श्री संदीप परांजपे उपस्थित रहे।

श्री सिन्हा ने पारंपरिक कागज-आधारित ऑडिट प्रणाली से आगे बढ़ते हुए पेपरलेस ऑडिट प्रणाली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वेकोलि के ईआरपी (SAP) प्लेटफॉर्म तथा ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी उपयोग के माध्यम से ऑडिट प्रक्रिया में पारदर्शिता, सटीकता एवं दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया।

इसके अतिरिक्त, ईआरपी टीम एवं लेखा-परीक्षकों के साथ एक संवादात्मक एवं ज्ञानवर्धक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें डिजिटल डेटा के माध्यम से सहज एवं प्रभावी ऑडिट संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई।

श्री सिन्हा का यह दौरा डिजिटल परिवर्तन को अपनाने तथा तकनीक-आधारित ऑडिट प्रणाली के माध्यम से सुशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता शिविर




वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के चिकित्सा विभाग तथा झंकार महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर नागपुर महानगरपालिका के समर्थन से टीबी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रीना पांडे, उपाध्यक्ष, झंकार महिला मंडल, उपस्थित रहीं, साथ ही इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती श्रुति परांजपे भी मौजूद थीं। शिविर में कुल 120 लाभार्थियों ने भाग लिया।

शिविर के उद्घाटन समारोह में दो मरीजों को टीबी चैम्पियन अवॉर्ड देकर उनके सफल उपचार की सराहना की गई। निक्षय योजना के तहत, झंकार महिला मंडल ने 7 टीबी मरीजों को गोद लिया और उनके उपचार में सहायता करने का संकल्प लिया।

नागपुर महानगरपालिका के अधिकारी, जिनमें डॉ. दीपक सलोकर (एमओएच), डॉ. शिल्पा जिचकर (सीटीओ), डॉ. वर्षा देवस्थळे, और डॉ. रेनुका यावलकर कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा उन्होंने उपस्थितों को क्षय रोग (टीबी) के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में श्रीमती शारदा सोनटक्के और श्रीमती ममता बीरगड़े को उत्कृष्ट कार्य के लिए माह के कर्मचारी के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. छाया केदारे, सीएमओ (आई/सी), डब्ल्यूसीएल मुख्यालय ने किया।

## वेकोलि में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर (कार्यालय-2) के तत्वावधान में एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (मानव संसाधन), वेकोलि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बी.एल. गुर्जर, खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो और श्री नगेंद्र सिंह, मंडल रिटेल सेल्स प्रमुख, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड उपस्थित रहे।

कार्यशाला के तीन सत्रों में हिंदी पत्राचार, तिमाही प्रगति प्रतिवेदन तथा राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में तकनीकी टूल्स के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें वेकोलि मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय-2, नागपुर के सदस्य कार्यालयों के कार्मिकों ने भाग लिया।प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती तृप्ति टेंभुणे, श्री एस.पी. सिंह और श्री मनीष कुमार उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र का संचालन श्री मिलिंद चहांदे, कार्यशाला सत्र का संचालन श्री दीपक सिंह चौहान ने किया। कार्यशाला में प्रस्तावित संबोधन श्री पी. नरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (मा.सं.)/विभागाध्यक्ष (राजभाषा) ने प्रस्तुत किया। श्री अतुल पी.बनसोड, प्रबंधक (मा.सं.)राजभाषा अधिकारी ने सत्र के समापन पर आभार व्यक्त किया।



## कॉस्ट अकाउंटेंट्स द्वारा आयोजित संगोष्ठी में वेकोलि की भागीदारी



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) को धनबाद चैप्टर ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स द्वारा आयोजित संगोष्ठी में भाग लेने का सम्मान प्राप्त हुआ। वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

“Artificial Intelligence – A Decision Making Tool for the Profession” विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में वित्त, लेखांकन और पेशेवर निर्णय-निर्माण के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की बढ़ती भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। श्री बिक्रम घोष ने विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के सभी क्षेत्रों में बढ़ते प्रभाव को अधोरेखित किया।

उन्होंने आगे कहा कि, आज के समय में हर पेशे के लिए एआई महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। यह तकनीक न केवल काम को तेज़ और सटीक बनाती है, बल्कि जटिल समस्याओं का विश्लेषण करके बेहतर निर्णय लेने में भी मदद करती है। इसके उपयोग से समय की बचत होती है, मानवीय त्रुटियाँ कम होती हैं और कार्य की गुणवत्ता बढ़ती है।

श्री बिक्रम घोष की उपस्थिति वेकोलि की नवाचार, तकनीक-आधारित दृष्टिकोण और प्रगतिशील वित्तीय प्रथाओं को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस तरह के मंच उभरते रुझानों पर सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करते हैं और उद्योग नेतृत्व तथा विकसित हो रहे पेशेवर परिदृश्य के बीच संबंध को मजबूत करते हैं।

## निदेशक तकनीकी (संचालन) ने किया माइंस रेस्क्यू स्टेशन का दौरा




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद ने 25 मार्च 2026 को माइंस रेस्क्यू स्टेशन, नागपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जाम्बिया में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता (IMRC) 2026 की तैयारी कर रही वेकोलि के रेस्क्यू टीम एवं माइंस रेस्क्यू स्टेशन के कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

दौरे के दौरान श्री प्रसाद ने माइंस रेस्क्यू स्टेशन की समीक्षा की, जिसमें गैस क्रोमैटोग्राफ विश्लेषण, गैस डिटेक्टर कैलिब्रेशन, ब्रीदिंग अपरेटस, परीक्षण प्रक्रियाएं तथा रोप रेस्क्यू प्रशिक्षण सुविधा शामिल थीं। उन्होंने प्रशिक्षण गैलरी में आयोजित ‘रेस्क्यू रिले रेस’ का अवलोकन भी किया और टीम के प्रदर्शन की सराहना की।

इस अवसर पर उनके साथ वेकोलि के महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं रेस्क्यू) श्री दिनेश बिसेन, महाप्रबंधक (सिविल) श्री एस.पी. तिवारी तथा अधीक्षक (रेस्क्यू) श्री माधव मिश्रा भी उपस्थित रहे।

यह दौरा रेस्क्यू टीम की तैयारियों को सुदृढ़ करने एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

## त्रैमासिक सिक्योरिटी बैठक का सफल आयोजन



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के सुरक्षा विभाग द्वारा 16 मार्च 2026 को त्रैमासिक सिक्योरिटी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (मानव संसाधन) ने की।

बैठक में वेकोलि के सभी क्षेत्रों के सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा प्रभारी और Maharashtra Security Service Corporation (MSSC) के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना, आने वाली चुनौतियों का मूल्यांकन करना और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना था।

डॉ. हेमंत शरद पांडे ने बेहतर सुरक्षा मानकों वाले क्षेत्रों की सराहना की और गंभीर मामलों पर Zero Tolerance के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा चेक पोस्ट की मरम्मत, मैनुअल RFID कार्ड बंद करने, साहसिक कार्य करने वाले सुरक्षा कर्मियों को पुरस्कृत करने और विभागीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

यह बैठक वेकोलि की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने और कर्मचारियों एवं खदान परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दिनकर हिंदी पुस्तकालय का उद्घाटन

कार्यशाला के पूर्व वेकोलि मुख्यालय में नवीनीकृत दिनकर हिंदी पुस्तकालय, पुस्तकालय प्रबंधन पोर्टल तथा ई-पुस्तकालय का उद्घाटन कंपनी के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे द्वारा किया गया। इस नई डिजिटल पहल के माध्यम से कर्मीगण जल्द ही कहीं भी, कभी भी ई-पुस्तकें पढ़ सकेंगे। साथ ही, पुस्तकालय प्रबंधन पोर्टल के जरिए पुस्तकालय में उपलब्ध ६५०० में से पुस्तकों का चयन और ट्रैकिंग अब और भी सरल एवं सुविधाजनक होगी। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित दिनकर हिंदी पुस्तकालय पाठकों को एक नया और समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा।

इस अवसर पर डॉ. पांडे ने कहा, “पुस्तकालय ज्ञान का भंडार होते हैं और उन्हें तकनीक से जोड़ना समय की मांग है। यह पोर्टल और ई-लाइब्रेरी न केवल कर्मचारियों की पढ़ने की आदतों को सुगम बनाएगी, बल्कि हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार में भी मील का पत्थर साबित होगी।” इस अवसर पर श्री पी. नरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (मा. सं.)/राजभाषा प्रमुख सहित विभागाध्यक्षगण उपस्थित थे।



## सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान समारोह




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय में मार्च 2026 माह में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (संचालन एवं योजना/परियोजना) श्री संदीप परांजपे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की तथा उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की।

मार्च 2026 में WCL मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में श्री पी. नरेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध), औद्योगिक संबंध विभाग; श्री उमेश चंद्र गुप्ता, महाप्रबंधक (खनन), मानव संसाधन विभाग; श्री आनंद अरविन्द टेमुर्णीकर, महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/प्रशासन, प्रशासन विभाग; श्री रामचंद्र के आग्रे, कार्यालय अधीक्षक, अ.प्र.नि. सचिवालय; श्री सुकांता सहाना, कार्यालय अधीक्षक, पी एंड पी विभाग; तथा श्री राजकुमार घारे, प्यून, सतर्कता विभाग शामिल हैं। कार्यक्रम में वेकोलि के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।